## कंटेनर से टकरायी कार, बच्चे की मौत, अन्य घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की सुबह जिले के चंदवारा में कंटेनर से कार की टक्कर में एक बच्चे की मौत हो गयी, वहीं 8 लोग घायल हो गए। चंदवारा थाना के पुलिस लाइन के समीप करीब 9 बजे कार संख्या एमएच 04 जेबी 7818 की आगे चल रहे कंटेनर वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई, वहीं 3 महिला और 4 पुरुष और एक 5 वर्षीय बालक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार पर सवार सभी लोग झारखंड धाम से एक शादी समारोह से कांको पिंडारो लौट रहे थे। घायलों में बासुदेव गिरी (39, पिता भुवनेश्वर गिरी, बोकारी), बिजला देवी (34, पति वासुदेव गिरी), प्रतिमा देवी (32, पति विनोद भारती, कांको), आरती देवी (30, पति शिव कुमार गोस्वामी, गोविंदपुर), विनोद भारती (36, गोविंदपुर, शिव कुमार भारती (35), शिबू गोस्वामी (36, धनबाद), शिवांश कुमार (5 वर्ष, पिता वासुदेव गोस्वामी, बोकारो) शामिल हैं। वहीं दुर्घटना में मृत बच्चे की पहचान आदर्श कुमार गोस्वामी (10 वर्ष, पिता शिव कुमार गोस्वामी, बोकारो) के रूप में हुई है।

## कार्रवाई के संबंध में मांगी जानकारी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य-झारखंड के अध्यक्ष अजय कृष्ण ने उपायुक्त को एक लिखित आवेदन देकर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगी है। अजय कृष्ण ने बताया कि कोडरमा समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम 10 अप्रैल से किया गया और कोडरमा उपायुक्त के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी जयपाल सोय के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि अर्जुन साव ग्राम सपही निवासी का हत्या काण्ड में शामिल सभी नामित अपराधियों पर और अन्य इससे जुड़े मांग पर कुछ दिनों में तथा डोमचांच अंचल अधिकारी मां देवप्रिया और पंकज सिंह राजस्व उपनिरीक्षक और अन्य सभी अंचल उप निरीक्षकों पर दो से तीन दिन में कार्रवाई कर दिया जायेगा। लेकिन अभी तक किसी भी तरह से कार्रवाई नहीं किया गया है। कार्रवाई से संबंधित विंदुवार विस्तृत जानकारी देने का सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी गई है।

## डीपीएमयू की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले में चल रहे नवाचार गतिविधियों को लेकर डीपीएमयू सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में चल रहे सभी गतिविधियों के नामित अधिकारियों व पीएमयू सदस्यों से उक्त प्रोजेक्ट्स में हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गयीं और विकास कार्यों को लेकर उचित दिशा निर्देश दिये गए। मौके पर उपायुक्त महोदय द्वारा सभी गतिविधियों जैसे कि प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, नगर परिषद् झुमरी तिलैया क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा प्रखंड परिसर में लाइबेरी-कम-रिडिंग रुम, प्रोजेक्ट किलकारी, आयुष्मान भारत, टेलीमेडिसिन कोडरमा, डीईजीएस आदि समेत अन्य नवाचार गतिविधियों पर जानकारी लिए गए और अपडेट हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 5 आवेदकों का अनुकम्पा पर नियुक्ति करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में कंचन देवी पति स्व. विनोद कुमार, भूतपूर्व अवर प्रमंडलीय चैकीदार की चतुर्थ वर्ग, संदीप कुमार पिता स्व राजेन्द्र प्रसाद भूतपूर्व सहायक अभियंता को निम्न वर्गीय लेखा लिपिक, अमित रंजन पिता अरविन्द कुमार दास, भूतपूर्व वरीय आंकेक्षण पदाधिकारी का निम्न वर्गीय लिपिक, आदित्य राज माता स्व अनिता कुमारी भूतपूर्व एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोडरमा को तृतीय वर्ग और सुचिन्ता मिंज पति स्व धनेश्वर उरांव, कनीय अभियंता को पत्राचार लिपिक में अनुकम्पा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकरी भागीरथ प्रसाद, स्थापना उपसमाहर्ता जयपाल सोय, डीपीएम महेश प्रसाद व अन्य उपस्थित रहे।

## प्रेरणा शाखा की बैठक, 14 को मदर्स डे करने का निर्णय




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाडी युवा मंच की ईकाई प्रेरणा शाखा की एक बैठक बुधवार को ब्लॉक रोड स्थित शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया के कार्यालय सभागार में हुई। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अप्रैल माह में हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गई और मई माह में शाखा के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का उद्देश्य समाज सेवा है और इस सत्र की यह पहली बैठक है। 5 मई को गौशाला में गौ आहार कार्यक्रम एवं 14 मई को मदर्स डे सेलिबेशन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष सीए गुंजन अग्रवाल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में मई माह में शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों के शादी के सालगिराह और जन्मदिन को लेकर केक काटा गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शालु चौधरी, नेहा हिसारिया, प्रियंका अग्रवाल, काजल गुप्ता, स्वेता गुटगुटिया, नीतु अग्रवाल, अनु संघई, शीतल पोददार, दीपा गुप्ता, प्रीति गुटगुटिया, सरिता अग्रवाल, रश्मि गुटगुटिया आदि उपस्थिति थे।

## टेंपो और मोटर साइकिल की टक्कर, युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत मारुति चौक के समीप बुधवार की दोपहर बजे टेम्पो और मोटर साइकिल की टक्कर मे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान कुंदन कुमार सिंह (उम्र 25 वर्ष, पिता छोटन सिंह ग्राम घरगांव) और देवनारायण दास (उम्र 30 पिता बहादुर दास, ग्राम काराखूट) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से घरगांव से गिरिडीह जा रहे थे। इसी दौरान मारुति चौक के समीप टेम्पो से टक्कर हो जाने से दोनों सवार युवक घायल हो गए है। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके कुंदन कुमार सिंह को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया गया।

## कार्यशाला और उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पेयजल एवम स्वच्छता समिति कोडरमा की पहल पर 3 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रज्जक, कनीय अभियंता पेयजल और स्वच्छता विभाग दीपक कुमार, प्रखंड समन्वयक राम कुमार (स्वच्छ भारत मिशन) और पीईटीसीआई के कौशल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में आए मुखिया, जलसहिया एवम सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण अपने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 29 अप्रैल से 15 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की बात कही गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुखिया रंजित कुमार सिंह, बेदू साव, नीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधी बसंत साव, रविंद्र गुप्ता, सुभाष चन्द्र यादव, पंचायत सेवक रवि रंजन, सियाराम सिंह, श्याम सुन्दर यादव, जनसेवक अरविंद कुमार, जल सहिया पिंकी देवी, शारदा देवी, करिश्मा यादव, प्रीति कुमारी, प्रवीण, आरती कुमारी, सरिता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

# सेंट्रल जेल में दो सुरक्षाकर्मी गांजा के साथ पकड़ाये, निलंबित

दीपक सिंह




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जेपी केंद्रीय कारा हजारीबाग में बुधवार को गांजा के साथ दो सुरक्षाकर्मी पकड़े गये हैं। इसके बाद दोनों सुरक्षाकर्मी देवेंद्र मिश्र और नागेंद्र शर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है। इसकी जानकारी जेल सुपरिटेंडेंट चंद्रशेखर ने दी। पूर्व में दोनों सुरक्षाकर्मी आर्मी में थे। देवेंद्र मिश्र इससे पहले भी गांजा के साथ पकड़े जा चुके हैं। उस समय उनकी ड्यूटी जेल के अंदर से हटाकर बाहर लगा दी गयी थी। जान लें कि जेल की सुरक्षा का जिम्मा जिन सुरक्षाकर्मियों के हाथ में है। वही नशीली पदार्थों के साथ पकड़े जा रहे हैं। ऐसे में जेल की सुरक्षा में सेंध लगने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जल सरंक्षण और प्रबंधन को लेकर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में जल संरक्षण और प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी जल गुरु महेंद्र मोदी को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कौंगारी ने किया।

कार्यशाला के दौरान जल गुरु महेंद्र मोदी ने बारिश का पानी संरक्षित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्षा की हर बूंद को हमें सुरक्षित करने की जरूरत है। वर्षा के पानी को रोकने से तालाब हैंड पंप और कुआं का जलस्तर ऊपर आयेगा। उन्होंने कहा कि कम पैसे में श्रमदान कर हम वर्षा के पानी को रोक सकते हैं केवल संकल्पित भाव से काम करने की आवश्यकता है। इसके बाद विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक में स्थित विष्णुगढ़ विकास ट्रस्ट के द्वारा आयोजित अम्बिसन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने स्लाइड के माध्यम से अपनी मॉडल को लोगों के बीच प्रस्तुत कर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम धरती माता से केवल पानी ले रहे हैं परंतु हम धरती माता को पानी दे नहीं रहे हैं। इसलिए हमें वर्षा के पानी को रोककर धरती माता को पानी देना है और धरती को हरा भरा बनाना है।

हम इससे बेहतर खेती कर सकते हैं। विश्व में कई ऐसे देश और भारत में कई ऐसे प्रदेश हैं जहां कृषि के बल पर गरीबी हटाई गई है। मेरा घर चंदवारा है और मैं अपना माटी का कर्ज जल संरक्षण के रूप में चुकाना चाहता हूं। मैं अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जल क्रांति लाना चाहता हूं।

कार्यक्रम के अंत में लोगों को जल संरक्षण करने का संकल्प शपथ के माध्यम से दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा, पंचायत समिति सदस्य अजय मंडल, मुखिया निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, सेवानिवृत्त अधिकारी भोला बरनवाल, एंबीशन स्कूल के प्राचार्य विवेक कुमार, ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, आनंद राम, पूरन साव नवल बर्मा, बेलाल अंसारी, मिथिलेश बर्मन, विनय पाठक, अहमद हुसैन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# संत कोलंबा महाविद्यालय की अतिक्रमित जमीन की जांच करने पहुंचे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** संत कोलंबस कॉलेज की भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण किये हुये जमीन पर जिला प्रशासन के आदेश पर सरकारी नक्शा लेकर सदर अंचल के सर्कल इंस्पेक्टर सीताराम महतो और अन्य कर्मचारी पहुंचे। साथ में संत कोलंबा महाविद्यालय के बड़ा बाबू प्रशनजीत मौजूद रहे। जिन्होंने सारे मामले को कर्मचारियों को अवगत कराया। ज्ञात हो कि 125 वर्ष पुराने संत कोलंबा महाविद्यालय की जमीन को भूमाफिया द्वारा अतिक्रमण होने की सूचना 1 मई को भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव को अतिक्रमण के बावत सूचित किया, उसके बाद वीसी ने प्राचार्य डॉ विमल रेवेन को जांच के आदेश दिया। जिसके बाद प्राचार्य के साथ पूर्व सिंडिकेट सदस्य अमरदीप यादव, पूर्व सिंडिकेट सदस्य पंकज मेहता, डॉ भुनेश्वर महतो राजकुमार साव और रोहित कुमार तस्वीर, नक्शा लेकर स्थल जांच के लिए गये। स्थल जांच में पाया गया कि 125 वर्ष पुराने गौरवशाली महाविद्यालय संत कोलंबा कॉलेज के पूर्वी दिशा झनझरिया पुल रोड पास बाउंड्री तोड़कर कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर अपना निजी आवास, होस्टल और दुकान बना लिया है और निजी बाउंड्री कर लिया है। साथ ही कई लोगों ने कॉलेज द्वारा पूर्व में आम नागरिकों के आवगमन के लिए छोड़ी गई। 14 फीट का रास्ता में भी आलीशान घर और होस्टल बना लिया है। अभी वर्तमान में 2 लोगों द्वारा भी निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे रोक दिया गया। मामला सही पाने पर तत्काल प्राचार्य ने हजारीबाग उपायुक्त, डीसीएलआर, अंचल निरीक्षक और कोर्रा थाना को पत्र प्रेषित करते हुए हरनगंज चौक से झीनझरिया पुल रोड दक्षिणी पूर्वी छोर से उत्तर पूर्वी छोर तक नापी करवाने और अतिक्रमणमुक्त करवाने की बात कही है। जिसके बाद ये कार्यवाई शुरू हुई है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड के गरी कला में आगामी 21मई से 29 मई तक होने वाले श्री श्री 1008 जीणोर्धार शिव परिवार सहित विष्णु मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा सह होमातम्क नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर शिव मंदिर परिसर में ध्वजा रोहन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचारण के साथ 3 मई को संपन्न हुआ ध्वजा रोहन कार्यक्रम में यज्ञ आचार्य भरत नाथ पांडे ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ पुजारी बबुली राणा सोहर महतो धरम महतो दिलचंद महतो लखन महतो जागेश्वर महतो भोली महतो के साथ संपन्न करायो इस उपलक्ष्य में नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नगर भ्रमण के दौरान हर हर महादेव जय श्री राम के नारों से गांव गुंजायमान रहो कार्यक्रम में बतौर मुख्य भूमिका में शामिल शिव मंदिर जीणोर्धार समिति बजरंग दल सह यज्ञ समिति के लोग शामिल हुये इस उपलक्ष्य में शिव मंदिर जीणोर्धार बजरंग दल के अध्यक्ष नरेश कुमार, पंचायत संयोजक सुनील कुमार, राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सागर, सुनील पासवान, संदीप शर्मा, बीरेंद्र कुशवाहा, शंकर महतो, शंभू कुमार, रोहित कुमार, झनकू रजक, विश्वनाथ कुमार, बादल,चंदन कुमार, फूलचंद कुमार, समेत बजरंगदल के सभी सदस्यों ने ध्वजा रोहन कार्यक्रम को सफल बनाया और कहा कि गरी कलां में लंबे अरसे के बाद महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। महयज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने स्वेक्षा से निर्णय लिया है कि ध्वजा रोहन के दिन से यज्ञ संपन्न होने तक गांव में शराब मांस मछली का स्वतः त्याग कर रहे हैं, और खरीद बिक्री पर भी रोक लगा है। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश कुमार, सचिव बालेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर कुमार बद्री नारायण कुशवाहा, उपाध्यक्ष कपिलदेव महतो, कुलदीप महतो, शंकर महतो, रोहित कुमार, राजेंद्र महतो, टिंकू कुमार, उप मुखिया कैलाश महतो मनोज कुमार शंभू कुमार ने कहा कि आज ध्वजा रोहन कार्यक्रम संपन्न हुआ आगामी 21 मई को जल यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हो जायगो जिसमें 21 मई से 24 मई तक सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता देवघर वाले बाबा अनिल बाल ब्यास जी कार्यक्रम आहूत है 25 मई से 29 मई तक अयोध्या धाम की प्रवचन कर्ता आराधना शास्त्री का प्रवचन कार्यक्रम निर्धारित है। 30 मई को भक्ति संगीत जागरण कार्यक्रम के तहत सुपर स्टार गायिका फेम पूजा गोलहानी भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा का कार्यक्रम निर्धारित है मौके पर बजरंगदल सदस्यों में सोहर महतो, नरेश महतो, सुनील कुमार, कृष्णा कुमार, निशांत कुमार, शंभू कुमार, बिकास कुमार, संजय कुमार, सागर पटेल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### माओवादी के नाम पर लेवी मांगा और सरकारी काम में बाधा पहुंचायी

# आरोपियों को पांच-पांच साल सश्रम कारावास, दो हजार जुर्माना

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सतगावां थाना कांड संख्या 51/15 की सुनवाई करते हुए बुधवार को अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने माओवादी संगठन के नाम पर लेवी मांगने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और कर्मियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपियों को सजा सुनायी है। आरोपियों संतोष कुमार उर्फ संतोष रजक (35, पिता राजेश प्रसाद) और केदार यादव (39, पिता स्वर्गीय परमेश्वर महतो) सतगांवा निवासी के मामले की सुनवाई के पश्चात दोषी पाते हुए 5-5 साल सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। न्यायालय ने 148 आईपीसी व 17 सीएलए में दोषी पाते हुए 2 साल की सजा सुनाई। वही 323 आईपीसी में दोषी पाते हुए 6 माह की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बचनदेवनाथ आर्य ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

### क्या है मामला

गार्डवाल निर्माण कार्य में लगे डंपर चालक सुग्गी महतो ने सतगावां थाना में दिया आवेदन में कहा था कि दिनांक 7 जून 2015 को निर्माण कार्य होने के बाद रात्रि गरीबी रजक के मकान में हम सभी 5-6 कर्मचारी और मजदूर छत पर सोये थे। रात्रि करीब 12:00 बजे 5-6 की संख्या में लोग आये, जिसमें तीन वर्दी पहने हुए थे और तीन सिविल ड्रेस में थे। एक के हाथ में रिवाल्वर एवं अन्य के हाथ में बड़ा हथियार था। उन लोगों ने हम लोगों का हाथ बांध दिया और साथ चलने को कहा। टेहरो नदी के पास पहुंचने पर उन लोगों से पूछा कि ठेकेदार कौन है, मुंशी कौन है। उसके बाद उन लोगों ने लाठी- डंडा एवं पत्थर से जमकर मारपीट करने लगा और कहा कि बिना लेवी दिए काम नहीं करोगे। मारपीट करने से जब वे लोग गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। सभी मारपीट करने वाले उन सभी को नदी के किनारे छोड़ कर भाग गये। होश आने पर सुबह उनके द्वारा थाना में आकर मामला दर्ज कराया गया।

## मुखिया ने चलाया स्वच्छता अभियान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत के झरापों बुध बाजार चौक बाजार परिसर में झरपों पंचायत के मुखिया शिव प्रसाद सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चला गया। जिसने ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान में शामिल हुए मुखिया शिवप्रसाद सोनी ने बताया कि झड़पों में 2 दिन बाजार के और शनिवार को लगती है। जिसे कारण बहुत से गंदगी फैल जाती है, जिस कारण से सफाई होती है किन्ही एस स्वच्छ ही स्वच्छता का प्रतीक है झरपो को स्वच्छ पंचायत बनाना है, जिसमे आप सभी ग्रामीणों का सहयोग से ही स्वच्छ झारपो पंचायत। बनेगा अवसर पर चिंतामणि प्रसाद उषा देवी रोहिणी देवी। रूबी देवी निशा देवी पूनम देवी सहित अन्य स्वच्छ बनाने में संकल्प लिया ।

## नेत्र जांच केंद्र का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा मिडिल स्कूल समीप बुधवार को नेत्र आरोग्य जांच केंद्र का खोला किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि यह नेत्र जांच केंद्र खुलने से लोगों को आंख संबंधित समस्याओं जांच के लिए एवं चश्मे के लिए बाहर शहर जाना नहीं होगा। नेत्र जांच केंद्र संचालक ऑफथलिमक विकास ने बताया कि हमारे यहां अनाथ बुजुर्ग और असहाय लोगों को आधुनिक मशीनों से आंखों की समस्याओं जैसे दुर का पावर नजदीक का पावर दूरदृष्टि नजदीक दृष्टि आंखों के मोतियाबिंद जैसे लक्षणों का जांच एंव चश्मे किफायती दरों में दिया जायेगा। मौके पर पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, देवकांत पाठक, पारसनाथ पाठक, धनेश्वर यादव, बासो यादव, डॉ शंभू यादव , विरेन्द्र रजक, लखन सोनी, अनवर मियां, संजय मोदी, सुशील कुमार, विनोद साव, गुड्डन साव, अशोक कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डॉ कौशलेंद्र को महाविद्यालय ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** डॉ. कौशलेंद्र कुमार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव बनाए जाने पर कर्णपुरा महाविद्यालय के सचिव सह पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद, प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज और प्रोफेसर सुरेश महतो ने गुलदस्ता भेंट करते हुए हार्दिक बधाई दी। सचिव टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि डॉ. कौशलेंद्र कुमार एक अच्छे शिक्षक और प्रशासक हैं। इनके अनुभव से विश्वविद्यालय और कर्णपुरा महाविद्यालय को गति मिलेगी। वही प्राचार्या कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि डॉ कौशलेंद्र कुमार एक योग्य और कर्मठ शिक्षक हैं। इतिहास विभाग के प्रोफेसर सुरेश महतो सह पूर्व विद्यार्थी परिषद के प्रदेश छात्र संगठन में था, उस समय डॉ कौशलेंद्र कुमार परिषद के उपाध्यक्ष थे। यह अपने दायित्व का निर्वहन बहुत अच्छे तरीके से किये थे, इनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला था। एक अनुभवी शिक्षक को कुलसचिव पद पर नियुक्त करने के लिए माननीय राज्यपाल और माननीय कुलपति को हार्दिक बधाई। बधाई देने वालो में प्रोफेसर सुरेश महतो, प्रोफेसर एफ अहमद, प्रोफेसर एन के दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो लालदेव महतो, शिक्षकेतर कर्मचारी सनवीर कुमार, अनिता कुमारी, नेमधारी राम, धनेश्वर महतो, धनुनाथ प्रसाद, अंजना कुमारी, कृष्णा पटेल आदि थे ।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन 7 को



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग यूथ विंग के ने 7 मई दिन रविवार को रामनगर चौक पारसनाथ ट्रेवल्स के समीप निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा दूसरी बार किया जा रहा है। जांच शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जायेगा। जांच शिविर में डॉ वी वेंकटेश और महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता खंडेलवाल अपनी सेवा प्रदान करेगी। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जांच शिविर का लाभ लेने के लिए 9263307970, 6201852266 पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जो बिल्कुल निशुल्क है। रजिस्ट्रेशन 6 मई को संध्या 6 बजे तक किया जायेगा। जांच शिविर में विशेष सहयोग मानसी डायग्नोस्टिक सेंटर और पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी का मिल रहा है। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि लोग स्वस्थ रहें, निरोग रहे इसी दृष्टिकोण से लगाया जा रहा है जांच शिविर। ताकि हर वर्ग के लोग जांच करा कर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके।

## विष्णुगढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत रमुआ दुर्गा मंदिर से हॉस्पिटल चौक तक बुधवार को साफ सफाई की गयी। अभियान की शुरूआत दुर्गा मंदिर परिसर में स्वच्छता का शपथ लेकर शुरू हुआ। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, गुरु प्रसाद साव, रीना बर्मन मुखिया निर्मल कुमार, अब्बास अंसारी, रफीक आलम, हीरामन महतो समेत कई सरकारी और गैर सरकारी कर्मी तथा जनप्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में मुखिया कुन्ती कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा, वार्ड सदस्य अर्जुन महतो, नीलकंठ महतो, उप मुखिया पति अरविन्द कुमार, रामानंद सिंह, शनिचर सोरेन, अजय मिर्धा, घनश्याम महतो, जिबाधन महतो, सहिया दीदी चिंता देवी, डुगेश्वरी देवी, तिलकी देवी, अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ के कुमारडीहा में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का भव्य आयोजन कलश यात्रा के साथ शुरू किया था। इस दौरान महा यज्ञ समिति की ओर से यज्ञ में आए श्रद्धालुओं के लिए महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करें इसका लाभ उठाया। भंडारण कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में मुख्य रूप से भंडारण मंत्री जनार्दन ठाकुर, कृष्णा महतो, पप्पू सिंह, भवानी महतो, रविंद्र महतो, विनोद महतो, तुलसी महतो, मुंद्रिका सिंह, हेमंत महतो, संजय प्रजापति, सचिन प्रजापति, पप्पू महतो, जीतू कुमार, राजू प्रजापति, रंजन ठाकुर, भीम कुमार, टिंकू महतो, तालेबर महतो, झम्मन महतो, मिथिलेश प्रजापति मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर के अलावा दर्जनों ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। वही मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रख्यात भजन गायक शहनाज अख्तर एवं बबन छैला का जागरण कार्यक्रम 4 मई को होगा। ठाकुर ने आगे बताया कि संस्कृत ज्योतिष्य आचार्य उमेश पाठक द्वारा यज्ञ विधि विधान कराया जायेगा। वाराणसी के मिथलेश्वरी शास्त्री और देवघर के रामानंद जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जायेगा।

## ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुगढ़ पहुंचे

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक बुधवार को विष्णुगढ़ पहुंचे। विष्णुगढ़ निवासी डॉ महेंद्र वैद्य के नूतन गृहप्रवेश के अवसर पर शामिल हुए। उन्होंने संगठन मजबूती को लेकर विष्णुगढ़ ब्राह्मण समाज के लोगो से मन्त्रणा की। कहा कि आप शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाये, शिकच्छित समाज के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं कि जा सकती है। संगठन को मजबूत करने को लेकर विशेष जोर देने की बात कही गई। मौके पर गणेश पांडेय, महेश पांडेय गौरिया कर्मा, वैद्यनाथ पांडेय सिमरिया, चौधरी शम्भूनाथ पांडेय, अध्यक्ष बटेश्वर कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र वैद्य, महादेव वैद्य, सुनील अकेला, प्रशांत वैद्य, देवेन्द्र मिश्र, सुधीर मिश्र आदि उपस्थित थे।

# आइटी मामलों को लेकर गुमला पुलिस गंभीर



### समीक्षा बैठक कर एसपी ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक, गुमला की अध्यक्षता में बुधवार को आईटी कांड को लेकर समीक्षा बैठक की गई। पुलिस निरीक्षक गुमला, बसिया, चैनपुर अंचल एवं थाना प्रभारी, गुमला के साथ आईटी एक्ट के लंबित कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निर्देश दिया गया कि सभी लंबित आईटी एक्ट के कांडों का त्वरित अनुसंधान करते हुए निष्पादन किया जाए। सभी थाना प्रभारी आईटी एक्ट से संबंधित कांडों के संबंध में संबंधित बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक करें तथा बैठक संबंधी प्रतिवेदन एसपी कार्यालय को भेजें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में साईबर ठगी के संबंध में गांव-गांव जाकर जोहार कोप्स के तहत जागरूकता अभियान चलायें।

सभी थाना प्रभारी को बैंक इत्यादि जगहों पर शहरी एवं ग्रामीण संवेदनशील स्थानों पर क्यू आर कोड बेस्ड बीट पेट्रोलिंग प्रारंभ करने तथा सुचारू रूप से जारी रखने का भी निर्देश दिया गया। बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बैंक बरगलर अलार्म से संबंधित मॉक ड्रिल करेंगे तथा फोटो सहित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

## मिशन बदलाव टीम समस्याओं के समाधान के लिए डीसी से मिली और पीएमओ से पुरष्कृत होने पर दी बधाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव प्रतिनिधि मंडल जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर सचिव ज्योति वर्मा और बसिया प्रखंड प्रभारी लखन गोप गुमला डीसी से मिले और पीएमओ से सम्मनित होने के अवसर पर डीसी को गुलदस्ता देकर बढ़ाई दिया और डीसी को बताया कि गुमला जिला में आमलोग मूलभूत समस्याओं से गुजर रहे है एवं कई ऐसे प्रखण्ड जहां पर अच्छे एम्बुलेंस की जरूरत है और कामडारा प्रखण्ड में एम्बुलेंस की नितांत आवश्यकता है और बसिया में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने का आग्रह किया और बताया कि कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो बन के ऐसे पड़े हुए है उनको शुरू करने का ।मांग किया गया,मिशन बदलाव प्रतिनिधि मंडल ने सभी समस्याओं के समाधान की मांग की है ।सैयदा खातून ने बताया कि आमजन को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और खराब पड़े जलमीनार को युद्धस्तर की कारवाई कर समस्या के समाधान के लिए मांग किया एवं बसिया प्रखण्ड प्रभारी लखन गोप ने डीसी गुमला को बताया कि बसिया प्रखंड के कई ऐसे समस्याओं को प्रशासन को सूचना देने के बाद भी समस्या का त्वरित समाधान नहीं होता है।

## मिशन बदलाव के पवन कुमार ने हुसैन नगर निवासी नाशीर अहमद के लिऐ किया रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बादलव सिमड़ेगा के पवन कुमार के द्वारा गुमला के मरीज नाशीर अहमद के लिये रक्तदान किया गया ।मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन ने बताया कि नासिर अहमद हुसैन नगर गुमला के निवासी को ऑपरेशन के लिये रक्त की आवश्यकता थी बताते चलें कि पिछले महीने एक बस उसके ऊपर चढ़ गया था और उसका पैर पीस गया था एवं डॉक्टरों ने कहा था कि अगर पैर का इन्फेक्शन को रोकना है तो ऑपरेशन करना होगा और इसके लिये ब्लड की जरूरत है और राँची में परिचित नहीं ईलाजरत होने के वजह से ब्लड नहीं मिल रहा था ।जिसको लेकर मरीज के परिजन बहुत परेशान थे और बता रहे थे कि गुमला से राँची आकर रक्तदान करना भी कठिन था और ये सभी बातों पवन कुमार ने मिशन बदलाव के व्हाट्सएप ग्रुप में मेशेज देखा और बताया कि मरीज को ब्लड आवश्यकता को ध्यान में देखते हुए ब्लड डोनेट के लिये सहमति हुए ।उसके बाद रामप्यारी होस्पिटल में पवन कुमार के द्वारा रक्तदान किया गया ।पवन कुमार ने बताया कि मेरा जीवन का उद्देश्य है कि जीवन के हर मोड़ में सभी लोंगो के कुछ काम आ सकूं तो मेरा जीवन का सबसे बड़ा पूण्य कार्य होगा और भगवान को भी धन्यवाद करता हूं कि ऐसे नेक कार्यों के लिये मुझे चुना।

**कार्रवाई :** नगर परिषद प्रशासक ने की बस स्टैंड परिसर में औचक छापेमारी

# अवैध शराब बेचने वाली होटल संचालिका पर की कार्रवाई

### गंदगी करने वाले बस संचालकों को दी आखिरी चेतावनी, बसें की जा सकती हैं जब्त





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को नगर परिषद के प्रशासक सह विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने बस स्टैंड परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां बड़े स्तर पर अनियमितता मिली। बस संचालकों द्वारा परिसर में ही बसें धोने के कारण जलजमाव देखकर बस संचालकों को आखिरी चेतावनी दी गई। भविष्य में बसें धोने तथा परिसर को जानबूझकर गंदा करने वाले बस संचालकों पर भारी जुर्माना के साथ-साथ बसों को जब्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

**होटल में खुलेआम बेची जा रही थी शराब, मौके पर किया सील :** प्राप्त शिकायतों के आलोक में की गयी औचक छापेमारी के क्रम में कई होटलों तथा दुकानों में नगर परिषद की टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस पर मंगरी होटल के नाम से प्रचलित एक होटल में खुलेआम शराब का स्टॉक मिला तथा वहां शराब पीते हुए युवाओं को रंगे हाथ पकड़ा गया। इतना ही नहीं, सैकड़ों की संख्या में वहां शराब की खाली बोतलें भी मिलीं। उल्लेखनीय है कि इस होटल के बारे में नगर परिषद को लगातार शिकायत मिल रही थी। इतना ही नहीं, इस होटल की संचालिका द्वारा न केवल जांच करने का विरोध किया गया बल्कि पूरी टीम को पहले गुमराह किया गया, किंतु होटल के अंदर प्रवेश करने के उपरांत सारा माजरा प्रकाश में आया। उल्लेखनीय है कि इस रेस्टोरेंट की संचालिका द्वारा अवैध शराब बिक्री करना, अराजक तत्वों का अपने यहां जमावड़ा लगाना, चोरी से पानी कनेक्शन लेने, सरकारी कुएं पर अवैध कब्जा करने, बस स्टैंड परिसर में अवैध तरीके से दरवाजा खोलने आदि का प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित हुआ। जिस पर विशेष पदाधिकारी सह प्रशासक संजय कुमार के आदेश पर उक्त रेस्टोरेंट को मौके पर ही सील कर दिया गया। सीलिंग की उक्त कार्रवाई नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में उड़नदस्ता दल तथा गुमला थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। संजय कुमार ने उक्त कार्रवाई से अनुमंडल पदाधिकारी सदर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर को भी दूरभाष पर अवगत कराते हुये अनुरोध किया कि एक टीम गठित कर बस स्टैंड परिसर में व्याप्त नशाखोरी के विरुद्ध सख्त कदम उठाया जाए।

संजय कुमार ने बताया कि उक्त होटल संचालिका द्वारा कई कमरों का पक्का निर्माण भी करवाया जा रहा है, जो कि प्रथम द्दष्टया अवैध प्रतीत होता है, अंचल अधिकारी से आवेदन प्राप्त कर नगर परिषद द्वारा शीघ्र ही उस पूरे निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

बस स्टैंड में नगर परिषद का कैंप कार्यालय मौजूद रहने के बाद इतनी अनियमितता मिलने के कारण कैंप कार्यालय के प्रभारी कर दारोगा से कारण पृच्छा की गई है कि क्यों नहीं उन्हें सेवामुक्त कर दिया जाए। वहीं प्रतिनियुक्त गृह रक्षक की भी सेवा वापस की जा रही है।

सीलिंग की कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के कर दारोगा जमादार, सुरक्षा बल के जवान तथा स्थानीय दुकानदार मौजूद थे।

# जमीन दाताओं के विवाद के कारण बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को हैं मजबूर

### सीओ और थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले को सुलझाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** बीते चार माह से आरसी प्राथमिक विद्यालय सैन्दा के 76 नामांकित बच्चे पेड़ की छांव में पढ़ने को मजबूर हैं। इसका कारण विद्यालय भवन की जर्जर छत को शिक्षकों के सहयोग राशि से मरम्मती कराए जाने को लेकर जमीन दाताओं के बीच आपसी मतभेद होना है। शिक्षकों द्वारा आपसी सहयोग से चार माह पूर्व विद्यालय की ढलाई छत को हटाकर एस्बेस्टस लगाने का काम शुरू किया गया था। किन्तु इसे लेकर विवाद व विरोध उत्पन्न हो गया। जिसके बाद बुधवार को सीओ अरुणिमा एक्का और थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी की पहल पर विद्यालय के समीप बगीचा में बैठक रखी गयी। बैठक में अधिकारियों ने बच्चों के हित में मरम्मती कार्य होने देने की बात कही। जिसपर स्कूल भवन का कुछ हिस्सा रैयती जमीन पर होने और जमीनदाता परिवार की एक महिला सदस्य को रसोईया का काम देने और विद्यालय प्रबंधन समिति व माता समिति का पुनर्गठन करने की मांग ग्रामीणों व रैयती जमीन मालिक चडरा उरांव और अन्य वंशजों द्वारा रखी गई।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल काफी लंबे समय से चल रहा है। स्कूल बिना भेदभाव व पक्षपात के संचालित होता था, किन्तु अब स्कूल में सरना व ईसाई धर्म को लेकर भेदभाव होने लगा है। समिति द्वारा ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं दी जाती है और सरना धर्मावलंबियों को प्रबंधन समिति में नहीं रखा जाता है, जबकि विद्यालय में अधिकांश बच्चे सरना धर्म के अध्ययनरत हैं। वर्तमान रसोईया बर्नादित लकड़ा ने कहा कि स्थापना काल से ही स्कूल के बच्चे चडरा उरांव की जमीन में खेल-कूद करते हैं। रैयत द्वारा जमीन लेने पर बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं बचेगा। विद्यालय व बच्चों के हित को देखते हुए मैं रसोईया का पद स्वेच्छा पूर्वक त्याग रही हूं। मेरे स्थान पर चडरा उरांव की बहू को रसोईया बना दिया जाए। चड़रा उरांव व वंशजों की मांग को देखते हुए अधिकारियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द सरकारी प्रावधान के तहत स्कूल का नया प्रबंधन समिति का चयन किया जाएगा। वहीं चड़रा उरांव की बहू को रसोईया पद पर नियुक्ति दिलाई जाएगी। गांव में 5 मई को ग्राम सभा में इस संबंध में पूर्णतः निर्णय लिया जाएगा। पूर्णतः निर्णय होने तक विद्यालय भवन के एक कमरे को छोड़कर बाकी में एस्बेस्टस व अन्य मरम्मती कार्य किया जाएगा।

मौके पर ग्राम प्रधान पाथो उरांव, एचएम फुलमनी बाखला, उमेश उरांव, जैसवाल उरांव, सीताराम उरांव, अरविन्द उरांव, बंधन उरांव, निरंजन लकड़ा, निर्मल लकड़ा, मकीन अंसारी सहित ग्रामीण व शिक्षक मौजूद थे।

# सिमडेगा : डीएवी सस्पेंड स्कूल बनने की राह पर

### डीएवी स्कूल अनुशासन के नाम पर सस्पेंड की कार्वाई कर खानापूर्ति पूरा कर रहा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले का प्रसिद्ध डीएवी स्कूल इन दिनों विद्यालय में अनुशासन के नाम पर सस्पेंड की कार्वाई कर खानापूर्ति पूरा कर रहा है। जिससे जिले में यह चर्चा का विषय बना।

डीएवी के प्राचार्य राकेश शर्मा हाल के दिनों में विद्यालय में अनुशासन के नाम पर विद्यालय के शिक्षकों छात्रों व कर्मियों को सस्पेंड करने का रिवाज जोर शोर से चला रखा है। जिस से विद्यालय अनुशासन का माहौल तो सुधरता हुआ नहीं दिख रहा है बल्कि यह मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का जरिया बना है सस्पेंड का दंश विद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षक व विद्यालय के कर्मचारी मानसिक शारीरिक रूप से शोषण का शिकार हो रहे हैं। बच्चों को विद्यालय से सस्पेंड करने के मामले में कई अभिभावकों ने विद्यालय के बच्चों का मानसिक व शारीरिक शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए विद्यालय के छोटे क्लासों में बढ़ रहे अनुशासनहीनता व संस्कार हीनता पर सवालिया निशान लगाते हुए प्राचार्य का जमकर क्लास ले लिया । साथ ही पूछा कि आखिर क्यों विद्यालय में होने वाली अभिभावक गोष्ठियों को बंद कर उनका सुझाव क्यों नहीं लिया जाता है इतनी अत्यधिक फीस लेने के बावजूद भी छात्र छात्राओं को बसों में ठूंस कर ले जाया जाता है। वहीं दूसरी ओर कड़ाके की गर्मी में टीन के चदरे के रूम में छात्रों को पंखों की सुविधा भी नहीं दी जाती।

**कार्यक्रम :** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सूचना भवन में संगोष्ठी का आयोजन

# जिला के पत्रकारों ने साझा किये अपने विचार

### पत्रकारों की स्वतंत्रता, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए जिला प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा है : डीपीआरओ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ₹राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्र मीडिया की भूमिका₹ के विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में जिले के सभी वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं उन्होंने बताया कि किस प्रकार से पत्रकारों की स्वतंत्र लेखनी विश्व में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करती है। उन्होंने जिला के सर्वांगीण विकास में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनसे समालोचनात्मक योगदान की अपेक्षा की।

संगोष्ठी में उपस्थित पत्रकारों ने उक्त विषय वस्तु के इर्द गिर्द अपने मन की बात को रखा। पत्रकारों साहित सुचना जन संपर्क कार्यालय के कई कर्मियों ने भी मिडिया कर्मियों के हित में अपने विचार रखे। इस मौके पर पत्रकार बलदेव शर्मा ने कहा कि समाचार एकत्र करने में मीडिया कर्मियों को अपनी जान भी जोखिम में डालनी पड़ती है, ऐसे में निष्पक्षता बहुत बड़ी चुनौती बन जाती है। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी अपने ज्ञान को बढ़ाएं, उसे अद्यतन रखें और जन सरोकार को अपनाएं। पत्रकारों ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को समय समय पर इस प्रकार के संगोष्ठी का आयोजन करने हेतु धन्यवाद किया। मीडिया कर्मियों ने कहा कि ऐसे मौके पर सभी पत्रकार एक साथ बैठ कर चर्चा कर पाते हैं एवं अपने विचारों को आपस में साझा कर पाते हैं। जिससे न केवल मन में ऊर्जा की भावना जागृत होती है बल्कि एक दूसरे के साथ भाईचारा का माहौल भी बना रहता है।

संगोष्ठी में एपीआरओ एलीना दास, दुर्जय पासवान, संतोष कुमार, बलदेव प्रसाद शर्मा, अमरनाथ कश्यप, अश्विनी कुमार, आफताब अंजुम, नरेश जायसवाल ,जितेंद्र सिंह, शहजाद अनवर, किशोर जायसवाल, दीपक कुमार, मुकेश कुमार सोनी, अफसर आलम, प्रधान सहायक स्वाति तिर्की, दिवाकर साहू, रामलखन, फिरोज अहमद के अलावा सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## पत्थर लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत ससिया क्षेत्र से बसिया पुलिस ने पत्थर लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर बसिया थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ससिया क्षेत्र में दो ट्रैक्टरों से साइज पत्थर लाद कर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान थाना प्रभारी छोटू उरांव ने दोनों ट्रैक्टरों को रोककर उनसे कागजात की मांग की गयी, जिसपर चालकों द्वारा किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। थाना प्रभारी द्वारा दोनों पत्थर लदे ट्रैक्टरों को जब्त करते हुए बसिया थाना लाया गया। जब्त ट्रैक्टरों में से एक ट्रैक्टर में निबंधन नम्बर तक नहीं लिखा गया है। बसिया पुलिस द्वारा इसकी सूचना खनन विभाग गुमला को दे दी गयी। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पायी थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भानु प्रताप बड़ाइक ने स्वास्थ्य मंत्री से बसिया रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग के अध्यक्ष भानु प्रताप बड़ाईक ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौपकर बसिया रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर कहा कि उन्होंने बताया कि बसिया रेफरल अस्पताल में अनेक असुविधा है जिससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भानु प्रताप बड़ाईक ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर बसिया रेफरल अस्पताल में स्त्री एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, डेंटल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने एक्स रे मशीन, एम्बुलेंस, स्थायी वाहन चालक की मांग भी की है। भानु प्रताप बड़ाईक की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुमला के सिविल सर्जन को उपरोक्त समस्याओं की समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई की बात कही है।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की बीइइओ ने की जांच



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पंडरानी में कक्षा 6,7,8 व 9 के नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की बुधवार को बीईईओ जोहानी टोप्पो की अध्यक्षता में जांच की गई। इस दौरान प्रमुख मीना देवी व बीडीओ सुनीला खलखो की उपस्थिति में जांच टीम में शामिल प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, महिला पर्यवेक्षिका, शिक्षिका व वार्डन के द्वारा नामांकन हेतू प्राप्त आवेदनों की जांच की गयी। वहीं बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि वर्तमान में कक्षा 8 के लिए 16 व कक्षा 9 के लिए 12 स्थान रिक्त हैं। आहर्ता पूरे करने वाले छात्राएं या अभिभावक आवेदन यथाशीघ्र जमा कर विद्यालय में छात्राओं का नामांकन करा सकते हैं।

### गढ़वा में एआइएमआइएम ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। टाउन हॉल के मैदान में आयोजित उक्त समारोह में जिला मुख्यालय सहित गढ़वा रंका विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर लोगों ने लच्छेदार सेवइयां सहित छोले का भरपुर आनन्द लिया। वहीं एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं ईद मिलन समारोह का शानदार आयोजन के लिए डॉक्टर एम एन खान को बधाई दी। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ एमएन खान ने कहा कि ईद मिलन का समारोह आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारा की अनूठी मिसाल पेश करता है। समारोह का मुख्य मकसद है समाज के सभी तबके व समुदाय को आपस में जोड़ना। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुसलमान एक गुलदस्ते की तरह हैं। हमारे बीच सदियों पुराना आपसी सौहार्द की मिठास बरकरार रहनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान, बीएनटी स्कूल के डायरेक्टर उमाकांत तिवारी, मदरसा तालीगुल इस्लाम गढ़वा के हाफिज शमीम, मुफ्ती मुजाहिद हुसैन, मौलाना सऊद आलम मिस्बाही, मौलाना जुबेर, मौलाना संजर, गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुजाउद्दीन अंसारी उर्फ मुन्ना, ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह झारखंड प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तेखार अहमद, जिला सचिव रमजान अंसारी, जिला महासचिव हाजी नसीरुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष मकसूद अंसारी, आशिक मंसूरी, जिला युवा अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, जिला संरक्षक अब्दुल शकूर अंसारी, खुर्शीद खान, आजाद अंसारी, अख्तर अंसारी, निजाम अंसारी, मुमताज अंसारी, इमरान अंसारी, इबरान अंसारी सहित ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के पंचायत के अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से बैल की मौत, किसान ने की मुआवजा की मांग



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित जिन्दा मोड़ के समीप हाई बोल्टेज 11 हजार तार की चपेट में आने से देवा उरांव के एक बैल की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घास चरने के दौरान बैल 11 हजार वोल्ट के टूटे तार के संपर्क में आने से घटनास्थल पर ही बैल की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर विभाग के कर्मी स्थल पर पहुंचे और टूटे तार की मरम्मती की। वहीं बैल की मृत्यु होने से किसान को करीब 25 हजार का नुकसान हुआ, किसान ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है।

